https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 05/08/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 191/2024
05 अगस्त 2024
झारखंड मंत्रालय, रांची
===========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में आज झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष श्रीमती रंजीता हेम्ब्रम एवं महासचिव श्री राहुल कुमार ने मुलाकात कर उन्हें संघ के विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव ने राज्य सरकार की ओर से झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ के कार्यालय निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने तथा झारखंड प्रशासनिक सेवा के पुनर्गठन किए जाने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया है।

मौके पर मुख्यमंत्री से उन्होंने झारखंड राज्य में नए अनुमंडल कार्यालय की स्थापना के लिए भी अनुरोध किया है।

###

=========================== TeamPRD(CMO)